भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2769

जिसका उत्तर 10 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

कोयला भंडार

2769. श्री जगदम्बिका पालः
श्री गौतम गंभीरः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में कोयला भंडार की मात्रा का आकलन किया गया है और उसे चीन में कोयला भंडारों के समान पाया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में वर्ल्ड कोल एसोसिएशन के क्या विचार हैं;

(ग) क्या चीन के कोयला उत्पादन की तुलना में भारत में कोयला उत्पादन कम है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) भारत में कोयला उत्पादन में कमी के क्या कारण हैं जिसके कारण देश में कोयले की मांग पूरी नहीं हो रही है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) तथा (ख) : भारत में कोयले के कुल अनुमानित संसाधन 319.02 बिलियन टन है जिसमें से 01.04.2018 की स्थिति के अनुसार 148.789 बि.ट. प्रमाणिक श्रेणी में हैं जैसाकि भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा आकलित किया गया है। चीन के कोयला संसाधनों से संबंधित आंकड़े कोयला मंत्रालय द्वारा नहीं रखे जाते हैं। वर्ल्ड कोल एसोसिएशन ने अपने विचार कोयला मंत्रालय के साथ साझा नहीं किए हैं।

(ग) तथा (घ) : जैसाकि इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट में तुलना की गई है, वर्ष 2017 के दौरान भारत और चीन में कच्चे कोयले का उत्पादन क्रमश: 676.479 मिलियन टन और 3158.630 मिलियन टन था।

(ड.) : कोयला क्षेत्र द्वारा प्रयास किए जाने के बावजूद भूमि संबंधी रिकार्ड का स्पष्ट न होना, भूमि का वास्तविक कब्जा, पुनर्वास और पुनर्स्थापन मुद्दों, निकासी और संभारतंत्र संबंधी बाधाओं तथा कोलफील्ड क्षेत्रों में कानून एवं व्यवस्था जैसी समस्याओं के कारण कोयले के उत्पादन में कमी थी।

*****